हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

11 नीतू धीवर की पहली पंडवानी प्रस्तुति ने धसकुंड...



12 राजकीय सम्मान के साथ शहीद जवान...



नवरात्रि विशेष



तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

राजिम भक्तिन माता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

साहू समाज की आस्था, श्रद्धा और विश्वास के प्रमुख केंद्र राजिम भक्तिन माता समिति का शपथ ग्रहण समारोह नवरात्र के प्रथम दिवस रविवार को साहू छात्रावास परिसर में हुआ। इस दौरान विधायक रोहित साहू विशेष रूप से मौजूद थे। डॉ. नारायण साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्वों की शपथ दिलाई। अध्यक्ष लाला साहू, उपाध्यक्ष आलोक साहू एवं शारदा साहू तथा संगठन सचिव रमेश साहू एवं गीता साहू ने शपथ ग्रहण किया। खास बात यह रहा कि 1970 के दशक में सामाजिक न्याय और विश्वास का प्रमुख केंद्र राजिम भक्तिन माता समिति का इतिहास साहू समाज की एकता, सामाजिक न्याय और पारिवारिक समन्वय की गौरवशाली परंपरा से जुड़ा रहा है। उस समय विवाह संबंधी मामलों, रोटी-बेटी के व्यवहार से जुड़े विवादों तथा पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान में समिति के वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। उनके निर्णयों को समाज में व्यापक सम्मान प्राप्त था। इसी प्रतिष्ठा के कारण समिति को समाज में कोर्ट जैसी मान्यता प्राप्त थी।

समिति के प्रथम अध्यक्ष स्व मोहनलाल साहू छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के पिता थे। स्व. डॉ महेंद्र प्रताप साहू, स्व. ⏭शेष पेज 10 पर

- विरासत आज भी सामाजिक एकता, सेवा और समर्पण आज भी देती है प्रेरणा

साहू छात्रावास परिसर में विधायक रोहित भी रहे मौजूद



ये रहे उपस्थित

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राष्ट्रीय संगठन सचिव बी.आर. साहू, प्रदेश महामंत्री क्रांति साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी बोधन साहू, रुपेंद्र साहू, रविशंकर साहू, राष्ट्रीय कवि नूतन साहू, डॉ. रामकुमार साहू, महासमुंद जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष धरम दास साहू, महिला प्रकोष्ठ की संगठन सचिव चित्रलेखा साहू, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष हरीश साहू सहित एवं नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू विशेष अतिथि और डॉ. विश्वनाथ साहू, डॉ. राधेश्याम साहू, तुलेंद्र साहू, विष्णु साहू, भोले साहू, तरुण साहू, राजू साहू, डिगेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू, कोमल साहू, किशोर साहू, किशन साहू, नागेंद्र साहू, परमानंद साहू, चंद्रहास साहू, नंदकुमार साहू, नंदू साहू, गैंद लाल साहू, डॉ. ओंकार साहू, डॉ. कृष्णा साहू तथा युवा नेता हृदयांश साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

समस्या : किसानों ने सरकार से मांगा मुआवजा

संकट में अन्नदाता: वन्यजीवों के आतंक व कीटों के प्रकोप से फसलें हो रहीं तबाह









हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। एक तरफ जहां भालू, जंगली सुअर और हाथियों जैसे वन्यजीव खेतों में घुसकर मक्का और धान की पकी हुई फसल को रौंद रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विभिन्न बीमारियों व कीटों के प्रकोप से किसानों की महीनों की मेहनत बर्बाद हो रही है।

क्षेत्र के ग्रामों में हजारों हेक्टेयर पर मक्का और धान की फसल किसान ले रहे हैं। क्षेत्र में लगभग 11 हजार हेक्टेयर में मक्का की फसल में अब फल आ चुका है। मौसम में लगातार उतार चढ़ाव, आंधी तूफान से इस वर्ष मक्के के फसल को भारी क्षति पहुंची है। वनांचल क्षेत्र से लगे ग्रामों के खेतों में वन्यप्राणी लगातार गांव के नजदीक आ रहे हैं। मक्के के फसल को वन्यप्राणियो भालू, बंदर, जंगली सुअर, नीलगाय द्वारा भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिसकी शिकायत लगातार किसानों द्वारा किया जा रहा है। पशु उन पर हमला न करे इसलिये दस फीट से उंचें मचान बनाकर, उसके उपर बाजा बजा कर, मशाल जलाकर और पटाखे फोड़ भालुओं, जंगली सुअरो व बंदरों को खेतों से बाहर निकाला जाता है। वहीं दूसरी ओर मैनपुर विकासखंड के बरदुला, बोईरगांव, गोपालपुर, साल्हेभाठ, कोदोभाठा, पथर्री, ठेमली, गोबरा, शोभा गौरगांव क्षेत्र के ग्राम मैनपुर, छुईया, गोपालपुर, तुहामेटा, जिड़ार, जाड़ापदर, मोतीपानी, भाठापानी, तेन्दूछापर, साहेबिनकछार, करलाझर नागेश, करेली, कुसियार बरछा, लाटापारा, झोलाराव, खरता, नकबेल, बरगांव, गोना, शुक्लाभांठा, ढोलसरई, रक्सापथरा, मोंगराडीह, गाजीमुड़ा, इंदागांव, कोयबा,अमाड़, ध्रुर्वागुड़ी क्षेत्र मे शाम होते ही वन्यप्राणी भालू, और ⏭शेष पेज 10 पर

खास बातें

- धान में तनक छेद, माहू, पत्ता मोड़, माईड, बीएलपी बीमारी लग रही
- मक्का-तिलहन की फसल को पशु पहुंचा रहे नुकसान

तकनीकी व व्यावहारिक सहयोग दे रहे : राय

कृषि विभाग गरियाबंद के अधिकारी चंदन राय ने बताया जिले में एक लाख 44 हजार हेक्टेयर में फसल लगाई गई है। क लाख चार हजार हेक्टेयर में धान, 17 हजार हेक्टेयर में मक्का और 14 हजार हेक्टेयर में दलहन, तिलहन की फसल ली जा रही है। विभाग के अधिकारी- कर्मचारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों को उचित सलाह दे रहे हैं। बीमारियों की रोकथाम के लिए किसानों को हरसंभव तकनीकी और व्यावहारिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है, ताकि फसलों को बचाया जा सके।

जंगल में पत्ते तोड़ने गए ग्रामीण पर भालू का हमला



गरियाबंद। जिले के ग्राम नहरगांव से भालू के हमले की घटना सामने आई है। सरयापानी के जंगल में पत्ते तोड़ने गए 55 वर्षीय ग्रामीण गिरधारी विश्वकर्मा पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। हमले में उनके पेट और जांघ में चोटें आई हैं। घटना के बाद घायल ग्रामीण को उपचार के लिए गरियाबंद जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक, नहर गांव निवासी गिरधारी विश्वकर्मा जंगल में पत्ते तोड़ने गए थे। इसी दौरान अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में घायल होने के बाद उन्होंने प्रत्यक्षदर्शी को फोन कर मदद के लिए बुलाया। सूचना मिलने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। घटना ग्राम नहरगांव क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 582 से जुड़ी बताई जा रही है। जंगल में भालू के हमले की इस घटना के बाद ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। जंगल में पत्ते और अन्य वनोपज एकत्र करने जाने वाले ग्रामीणों के लिए वन्यजीवों का सामना करना जोखिम भरा हो सकता है। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम जिला अस्पताल पहुंची और घायल ग्रामीण को सहायता राशि प्रदान की। फिलहाल गिरधारी विश्वकर्मा का अस्पताल में उपचार जारी है।

खबर संक्षेप

बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, चालक घायल

छुईहा-बेलर। ग्राम बेलर में सोमवार रात करीब 8 बजे एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलटी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में ग्राम सेंदर निवासी चित्रांगन ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर



पहुंचे स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए घायल की मदद की और आपातकालीन सेवा 112 को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के बाद रवि साहू, खेमराज साहू और होमेश साहू सहित अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति की सहायता की। पूछताछ के दौरान घायल ने अपना नाम चित्रांगन ध्रुव और निवास ग्राम सेंदर बताया। सूचना मिलते ही 112 वाहन घटनास्थल पर पहुंचा और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर ले जाया गया। इस दौरान घायल के परिजन भी बेलर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोटरसाइकिल की रफ्तार तेज थी। वहीं, क्षेत्र की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क की खराब स्थिति भी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। हालांकि, इस हादसे के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

राइस मिल से बिजली तार की चोरी

महासमुंद। पिथौरा के पोटापारा स्थित राइस मिल से इलेक्ट्रिक वायर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पोटापारा स्थित उसके व्हाइट गोल्ड राईस मिल से 30/09/2026 को 8 बजे से 03/10/2026 के सुबह 9 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने इलेक्ट्रिक केबल 300 मीटर कीमत करीबन 60000 रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अमलीपदर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/ मैनपुर

मतदाता जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। तहसील कार्यालय अमलीपदर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली के माध्यम से आम नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। रैली के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।

- नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की



शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित- मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में मतदान ⏭शेष पेज 10 पर

राहुल गांधी के उज्ज्वल भविष्य के लिए ज्योति कलश स्थापित

छुरा। मां शीतला मंदिर में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमितेश शुक्ल की ओर से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफलता की कामना को लेकर मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कराई गई है। इस अवसर पर मां शीतला से प्रार्थना की गई कि राहुल गांधी जी को जनसेवा के कार्यों में निरंतर सफलता प्राप्त हो, वे देश और समाज के हित में अपनी भूमिका को और अधिक मजबूती के साथ निभाते रहें। नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा की आराधना और ज्योति प्रज्जवलन का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी आस्था और विश्वास के साथ श्री शुक्ल की ओर से मां शीतला मंदिर में ज्योत प्रज्जवलित कराई गई है। राहुल गांधी के सुखद, सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई। मां शीतला के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कामना की गई कि माता रानी राहुल गांधी जी को शक्ति, साहस, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें, ताकि वे लोकतांत्रिक मूल्यों, जनहित और देश की एकता के लिए निरंतर कार्य करते रहें।



शीतला मंदिर में पीएम मोदी के नाम से भी मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित



रसेला। नवरात्र पर ग्राम के शीतला मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नाम से मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित कराया गया है। रक्सी निवासी जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर ज्योति कलश प्रज्जवलित कराया है। कलश गृह में जलते दीपों की कतारें आकर्षण का केन्द्र है, हर रोज श्रद्धालुओं ने धार्मिक आस्था के साथ ज्योति के दर्शन कर रहे हैं। दीपों की रोशनी से मंदिर का वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा है। शारदीय नवरात्र पर्व पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, समिति अध्यक्ष बिग्रेंद्र ठाकुर, नंदकिशोर यादव, रामायण ठाकुर, राघवेंद्र यादव आदि सभी व्यवस्थाओं का ध्यान रख रहे हैं।

मैनपुर के बीहड़ मे बसे डुमरघाट के ग्रामीणों को जर्जर सड़क से हो रही परेशानी

सरकार से मांग करते-करते थके ग्रामीणों ने फावड़ा-कुदाली लेकर सड़क मरम्मत में जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विकासखंड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईरगाँव के आश्रित ग्राम डुमरघाट में जर्जर सड़क की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने आखिरकार खुद ही फावड़ा धमेला उठाकर सड़क सुधारने की पहल की। लंबे समय से बदहाल सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और किसानों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क की मरम्मत की और प्रशासन से जल्द पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग उठाई। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर किसान पाठशाला, ग्राम डुमरघाट के किसान और ग्रामवासियों ने एकजुट होकर सड़क सुधारने का बीड़ा उठाया। ग्रामीणों ने स्वेच्छा से श्रमदान करते हुए सड़क पर मिट्टी और मुरुम डालकर बड़े-बड़े गड्ढों को भरा, ताकि लोगों को आने-जाने में कुछ राहत मिल सके। इस कार्य में गांव के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



बरसात में कीचड़ बन जाती है सड़क - ग्रामीणों के अनुसार, डुमरघाट की मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण सामान्य दिनों में भी आवागमन मुश्किल होता है, जबकि बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़ से भर जाता है। इससे स्कूली बच्चों, किसानों और अन्य ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। खासकर ⏭शेष पेज 10 पर

नवागांव में खुला नवीन संगीत महाविद्यालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवागांव में नवीन संगीत महाविद्यालय का उदघाटन मंत्री टंकराम वर्मा, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं विधायक इंद्रकुमार साहू की मौजूदगी में हुआ। अतिथियों ने सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। अतिथियों ने इस अवसर पर कहा कि इस महाविद्यालय के प्रारंभ होने से क्षेत्र के युवाओं को संगीत, गायन, वादन और नृत्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने का एक बेहतरीन मंच मिलेगा। यह संस्थान छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

खबर संक्षेप

बाजे गाजे के साथ पंडालों में विराजित हुईं मां दुर्गा



रसेला। क्षेत्र में कुडेरादादर, कनसिघी, मेडकोडबरी, सेम्हरा, टेगनाबासा सहित अंचल में नवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में ग्राम कुडेरादादर में भक्ति स्वरूपा मा दुर्गा की भव्य प्रतिमा की स्थापना विधि विधान और हर्षोल्लास के साथ की गई। स्थापना के दिन सुबह से ही गांव के पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और विधिवत पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गा को आसन पर विराजमान किया गया। इस दौरान जय माता दी ' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। गांव के युवाओं और ग्राम प्रमुखों के सहयोग से माता के पंडाल को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस आयोजन से पूरे कुडेरादादर ग्राम में त्योहार का माहौल है और सभी ग्रामीणो में भारी उत्साह देखा जा रहा है। समिति द्वारा बताया गया कि नवरात्रि के इन नौ दिनों में यहां प्रतिदिन सुबह-शाम महाआरती,भजन कीर्तन होगा। इस मौके पर ग्राम पटेल घनश्याम साहू, ग्राम प्रमुख नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, सेवक राम साहू, कुलेश साहू,जगेश्वर ओटी, संतराम जगत, खेमसिंह बैगा, महेश नेताम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर शहर, आरती में उमड़ रहीं मातृशक्तियां



नवापारा-राजिम। नवरात्र पर्व को लेकर नवापारा शहर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं विराजमान हैं, जहां सुबह-शाम पूजा-अर्चना और आरती में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं। कहीं मातृशक्तियां पूरे भक्तिभाव से आरती कर रही हैं, तो कहीं बच्चे और मोहल्लेवासी माता की सेवा में जुटे हैं। श्रद्धा, उत्साह और उल्लास से भरे इन दृश्यों को देखकर सहज ही मन भक्तिरस में डूब जाता है। शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित दुर्गा पंडाल में नवरात्र के दौरान विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। शाम की आरती के समय भक्तों की सहभागिता देखते ही बनती है। माता के जयकारों और आरती के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। यहां नवरात्र की रौनक देखते ही बन रही है। मां दुर्गा की आराधना के बहाने बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग एक साथ जुड़ रहे हैं। नवरात्र की यह रौनक शहर की धार्मिक परंपरा और सामूहिक सहभागिता को जीवंत कर रही है।

बिहावझोला में जंगली जानवरों का आतंक, धान की खड़ी फसल हो रही बर्बाद

मुड़ागांव (कोरासी)। ग्राम मड़ेली के आश्रित वीरान गांव बिहावझोला में इन दिनों जंगली जानवरों के कारण किसान भारी परेशान हैं। खेतों में पककर तैयार हो रही धान की फसल को जंगली जानवर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होने की चिंता सताने लगी है।
ग्रामीणों के अनुसार, खेतों में आए दिन जंगली जानवरों के आने के निशान दिखाई दे रहे हैं। जंगली सुअर, हिरण और कोटरी खेतों में घुसकर धान की बालियों को खा रहे हैं तथा खड़ी फसल को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए फंदे और घेराबंदी को पार कर जंगली जानवर खेतों तक पहुंच जाते हैं, जिससे फसल को बचाना मुश्किल हो रहा है। धान की फसल किसानों की आजीविका का प्रमुख आधार है। ऐसे में फसल तैयार होने के समय जंगली जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने से किसान चिंतित हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से खेतों में जंगली जानवरों की आवाजाही रोकने तथा धान की फसल की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

बारिश नहीं होने से खेत सूखे, फसल खराब, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अंचल में आषाढ़ महिने से लेकर गणेश विसर्जन तक जमकर बारिश हुई है। मगर अब धान की बालियां निकलने के समय खेत में नमी नहीं होने से धान की फसल पीले पड रहें है। इस समय फसल के लिए एक अच्छी बारिश की जरूरी समय है। खेतों में पानी नहीं होने से खेत सूख रहे हैं। किसान नंदकिशोर यादव, लोकराम यादव, बिग्रेंद्र ठाकुर, संतराम नेताम,भावसिह मरकाम, देवलाल बारिक, रामायण ठाकुर, राघवेंद्र यादव, कमलेश्वर नायक, ने कहा कि 15 से 20 होने जा रहा है बारिश भी नहीं हो रही है। इससे मुश्किलें बढ़ीं है, किसानों ने खाद, बीच, जुताई में हजारों रूपये लगाएं है, फसल तैयार होने वाली है, पर पानी की कमी है। कुछ किसान महंगे डीजल इंजन/ पंप से सिंचाई कर रहे हैं, जिससे लागत बढ रही है। छोटे किसानों के लिए यह खर्च उठाना मुश्किल है। एक तरफ मेघ नाराज़ चल रहे हैं वहीं दूसरी तरफ किसान अपने निजी संसाधनों से अब तक किसी तरह फसलों को बचाएं रखे हैं लेकिन अब बचा पाना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र में एक भी बड़ा बांध सिंचाई के लिए नहीं होने से इस क्षेत्र के किसान प्रकृति के भरोसे निर्भर है। किसान नारायण सिन्हा,मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा,झवर अग्रवाल, नारायण सिंह ठाकुर, कृष्णा साहू, घनश्याम साहू, अशोक अग्रवाल आदि ने कहा कि किसी तरह पैसे का इंतजाम कर धान की रोपाई तो हो गई। अब पानी के अभाव में फसलें सूख कर बर्बाद हो रही है।

छोटे किसानों के लिए यह खर्च उठाना मुश्किल



किसानों को बारिश फिर दे रहा झटका

धान की फसल तैयार होने में अभी करीब एक महीने का समय है। ऐसे में पानी नहीं गिरने से उत्पादन प्रभावित होने की आंशका है। वर्तमान में फसल को पानी की बहुत जरूरत है। फसल बचाने किसान पानी खरीदकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। इस समय पानी खरीदना किसानों के लिए पीड़ादायक है। साफ आसमान और कभी कभी उमड़ कर लौटने वाली बादलों की दशा देखकर बारिश की उम्मीद टूटने लगी है। आज नहर नाली में स्टाप डेम से पानी आता तो किसानों को पानी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। विभाग के अधिकारी, कर्मचारी इस समय कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। तेज धूप और पानी की कमी से भाठा ठीकरा के फसल सूख रही है। आषाढ़,सावन, भादों में खेत खारो को लबालब कर दिया,अब किसानों को बारिश फिर झटका दे रहा है।

बैठक : जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक

जिले में औद्योगिक विकास, नए निवेश स्टार्टअप और रोजगार सृजन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 2002 के तहत जिले में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने, निवेशकों को उद्योग स्थापना के दौरान आने वाली कठिनाइयों का समयबद्ध निराकरण करने तथा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से सोमवार को जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाओं, लंबित प्रकरणों और स्थानीय उत्पादों को व्यावसायिक पहचान दिलाने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, उप संचालक कृषि चंदन रॉय सहित समिति के सदस्य और जिले के औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

> ■ स्थानीय उत्पादों के प्रसंस्करण और निर्यात को बढ़ावा देने बनाएं कार्ययोजना : कलेक्टर

महुआ, चिरौंजी और बांस जैसे स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा - बैठक में जिले के विशिष्ट उत्पादों महुआ, चिरौंजी, बांस सहित अन्य स्थानीय उत्पादों के निर्यात संवर्धन और व्यावसायिक उपयोग की संभावनाओं पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को इन उत्पादों के संग्रहण, प्रसंस्करण, विपणन और निर्यात की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों पर आधारित प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया, ताकि स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सके। इससे जिले में नए उद्योगों की स्थापना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा - समिति की बैठक में सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों और जिला स्तर पर लंबित औद्योगिक अनुमतियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही औद्योगिक भूमि के लिए संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदनों, शासकीय भूमि हस्तांतरण, संबंधित विभागों से अभिमत प्राप्त करने तथा औद्योगिक विकास के लिए निजी भूमि अर्जन से जुड़े प्रकरणों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित विभागों को लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने और निवेशकों को उद्योग स्थापना के दौरान होने वाली कठिनाइयों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक विकास के लिए भूमि बैंक तैयार करने के उद्देश्य से भूमि चिन्हांकन की समीक्षा की गई। साथ ही लैंड बैंक एवं औद्योगिक पार्क की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखने और औद्योगिक उपयोग के लिए उपलब्ध भूमि से संबंधित लंबित मामलों पर भी चर्चा की गई। साथ ही औद्योगिक भूमि की उपलब्धता और आवश्यक प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया।



नए निवेश, स्टार्टअप और औद्योगिक योजनाओं की समीक्षा

बैठक में जिले में प्रस्तावित नवीन निवेश, स्टार्टअप गतिविधियों तथा निवेश के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू), निवेश आमंत्रण और अभिस्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाली इकाइयों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को इन इकाइयों की कठिनाइयों की पहचान कर जिला स्तर पर समाधान की दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके और जिले में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा मिले। बैठक में औद्योगिक नीति एवं नियमों में सुधार के लिए सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

छग प्राचार्य फेडरेशन गरियाबंद की जिला इकाई का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका

आज छत्तीसगढ़ प्राचार्य फेडरेशन के तत्वावधान में रेस्ट हाउस, लोक निर्माण विभाग में प्राचार्य फेडरेशन जिला गरियाबंद ईकाई के गठन हेतु जिले के प्राचार्यों की मीटिंग बुलाई गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में प्राचार्य साथियों ने अपनी उपस्थिति दे कर उत्साहपूर्वक जिला इकाई का गठन किया।

जिला अध्यक्ष के पद पर बलदाऊ राम कोसले, प्राचार्य धवलपुर सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए, जिला उपाध्यक्ष के पद पर जावेद खान प्राचार्य नागाबुड़ा, जिला सचिव हेतु परसराम साहू प्राचार्य करचाली निर्वाचित हुये। संरक्षक व सलाहकार के रूप में वरिष्ठ प्राचार्य द्वय वाई आर साहू एवम बी आर देवांगन मनोनीत किये गए। इसके अतिरिक्त फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष हेतु राजेन्द्र नाग, गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष हेतु मनोज मेरसा एवम छुरा ब्लॉक अध्यक्ष हेतु सुधीर मिश्रा निर्वाचित हुए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्राचार्य फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष एम आर खान, प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष चमेली वर्मा, उपाध्यक्ष भारती अग्रवाल ठाकुर, प्रांतीय संगठन सचिव रविशंकर सोनी छ.ग. अधि. कर्म. फेडरेशन के जिला महासचिव बसन्त त्रिवेदी एवं सुनील यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। आज के इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद राजेश चंद्राकर ने भी अपनी उपस्थिति दे कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी एवं फेडरेशन को पूर्ण सहयोग व समर्थन देने का आश्वासन दिया। पूरा आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के प्रचार्यगण वंदना पांडेय, वाई आर साहू, भगवानी देवांगन, प्रदीप मिश्रा, प्रेमलाल ध्रुव, रोशन लाल यादव,चेतन लाल साहू पी आर साहू, हरिकृष्ण भार्गव, सुरेश कुमार वर्मा, भगवान सिंह ध्रुव, चंद्रभूषण साहू, कृपा राम नेताम, आर मरकाम, पाल सिंह ध्रुव उपस्थित रहे।

जेएनयू में छात्राओं से कथित यौन दुर्व्यवहार के मामले पर गरियाबंद में भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

महिलाओं के सम्मान, छात्राओं की गरिमा और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षित वातावरण के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने गरियाबंद में कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के आह्वान पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष बिंदु सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक से रैली निकालकर कांग्रेस भवन का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व प्राध्यापक एवं कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम के विरुद्ध छात्राओं द्वारा लगाए गए कथित यौन दुर्व्यवहार के आरोप रहे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति की जांच के बाद 9 अक्टूबर 2026 को सांसद अकोइजम को प्राध्यापक पद से बर्खास्त कर दिया गया। मामले में छात्राओं की शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई है। हालांकि, सांसद ने आरोपों और जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।

भाजपा महिला मोर्चा ने इस मामले को महिलाओं की गरिमा और छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए कांग्रेस नेतृत्व की जवाबदेही पर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी के महिला अधिकारों और पितृसत्ता के खिलाफ दिए जाने वाले राजनीतिक संदेशों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस से अपने सांसद के मामले में स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की।

महिला मोर्चा का कहना था कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की बात केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि ऐसे गंभीर आरोप सामने आने पर निष्पक्ष जांच, जवाबदेही और उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक से रैली निकालकर कांग्रेस भवन पहुंचकर घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस और राहुल गांधी के विरोध में नारे लगाए गए। प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा महिला मोर्चा ने छात्राओं के सम्मान और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज कराया।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, सरिता वर्मा महिला मोर्चा जिला प्रभारी, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, रेखा सोनकर, मिलेश्वरी साहिब, वरिष्ठ भाजपा नेता बल्देव सिंह हुंदल, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, पार्षद पुष्पा साहू, पार्षद रेणुका साहू, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, मंडल मंत्री मंजरी गुप्ता, प्रियंका सोनी संतोषी श्रीवास्तव, प्रतिभा पांडे, माही यादव, पुष्पलता सिन्हा सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



तिरंगा चौक से रैली निकाल कांग्रेस भवन का घेराव

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में पॉक्सो अधिनियम पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा-कोसमी में 12 अक्टूबर 2026 को बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाले पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, यौन अपराधों की रोकथाम तथा ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में युक्ति चौधरी, असिस्टेंट प्रोफेसर, आईसीएफएआई लॉ स्कूल, हैदराबाद ने पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों की रोकथाम, पीड़ित बच्चों के अधिकारों, कानूनी संरक्षण तथा ऐसी घटनाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की।

उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल कानून और प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें शिक्षकों, अभिभावकों, शैक्षणिक संस्थानों और समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में संवेदनशीलता के साथ उचित कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रानी झा, संयुक्त कुलसचिव, आईएसबीएम विश्वविद्यालय रहीं। उनके समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम ने शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी जिम्मेदारियों और सामाजिक दायित्वों को समझने का अवसर प्रदान किया। संगोष्ठी के प्रमुख विषयों में पॉक्सो अधिनियम की समझ, बच्चों के अधिकार एवं संरक्षण, अपराधों की रोकथाम एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका तथा सुरक्षित समुदायों का निर्माण शामिल रहे। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाल यौन शोषण के प्रति जागरूकता, समय पर शिकायत और संवेदनशील सहयोग के माध्यम से बच्चों के लिए सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम का संयोजक डां. अश्वनी कुमार साहू के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर भी वक्ता के द्वारा दिया गया ।



पेज 9 के शेष...

राजिम भक्तिन माता ...

रामप्रसाद साहू, स्व. डॉ. डी.डी. साहू, स्व. जेठनलाल साहू,स्व कोमल राम साहू, स्व. बाबूलाल साहू एवं मेहतरु राम साहू जैसे वरिष्ठ समाजसेवियों ने संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन समाजसेवियों की विरासत आज भी सामाजिक एकता, सेवा और समर्पण तथा सामाजिक समरसता की प्रेरणा देती है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने माता भक्तिन के त्याग, तपस्या एवं गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने तथा समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

संकट में अन्नदाता...

जंगली सुअर दल के दल खेतों के अंदर घुस रहे हैं और फसलों को सफाचट कर रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान बंदरों द्वारा पहुंचाया जा रहा हैं। बंदरों द्वारा मक्के के फलों को तोड़ कर तहस नहस किया जा रहा है। जंगली सुअर अपने बच्चों के साथ खेतों के भीतर घुस रहे हैं। किसान रूपसिंह मरकाम, अर्जुन नायक, सोहन नागेश, जोहन नेताम, मनोहर लाल, भुवनसिंह, रामेश्वर, गज्जू एवं ग्रामीणों ने बताया फसल क्षति की जानकारी लगातार वन विभाग को दी जा रही है। वहीं छिन्दौला, दबनई,फरसरा, लुठापारा, धोपीपारा, सिंहार क्षेत्र के किसानों ने बताया इस क्षेत्र में मक्के की फसल को हाथियों के द्वारा भारी नुकसान पहुंचाया गया है। आज तक सभी किसानो को मुआवजा भी नही मिला नही मिला है। **धान में लग रही बीमारी, हजारों रुपए की दवा बेअसर** - खेतों में तैयार हो रही खरीफ धान की फसलों में कई प्रकार की बीमारियां लगने लगी है। इससे किसान खासे परेशान हैं और तो और चूहे भी जमकर फसलो को नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसल को बचाने किसान अपने खेतों में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं। धान की फसल में तना छेदा,माहू,कटवा का प्रकोप बढ़ गया है। किसान नोकेलाल ध्रुव रामेश्वर नेताम, दौनू गुप्ता, आलीम अंसारी, शेख फकरूद्दीन ने बताया कि बाली आ चुकी धान की फसल में तरह तरह की बिमारियों से परेशान हो रहे हैं। किसान अपनी फसल को बचाने के लिए महंगे कीटनाशकों का लगातार छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कीटों पर कोई असर नहीं हो रहा है। धान में माहू, तनक छेद, पत्तामोड़, बीएलपी, कटवा जैसे बीमारियों से किसान परेशान हो गए है।

अमलीपदर में स्कूली...

के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना तथा शत–प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना है। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों और आम नागरिकों को जागरूक करते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस जागरूकता रैली मे प्रमुख रूप से तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, प्राचार्य आलोक राव बाघे, प्राचार्य शेशनारायण कश्यप, वरूण चक्रधारी, दिनेश लहरी, उमेश श्रीवास, तिरथराम श्रीवास, विनोद साहू, अजय सिन्हा, दिलीप सिन्हा एवं बड़ी संख्या मे छात्र छात्रएं उपस्थित थे।

सरकार से मांग...

किसानों को खेतों तक पहुंचने और कृषि संबंधी कार्यों के लिए आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ती है। यह मार्ग खेतों को मुख्य सड़क से जोड़ता है और ग्रामीणों के दैनिक आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सड़क की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए लंबे समय से परेशानी का कारण बनी हुई है।



पर्व : कोचवाय, कसेरू, कोसमी, परसूली और मैनपुर सहित आसपास के गांवों में नवरात्रि की धूम

जिले में बह रही भक्ति की बयार, शहर व गांव में जगमगा रहीं मनोकामना ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर पूरा जिला भक्तिरस में सराबोर है, जिससे चारों ओर भक्ति की बयार बह रही है।

शहर सहित गांव-गांव में मां दुर्गा की स्थापना, पूजा-अर्चना और मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित कर श्रद्धालु माता की आराधना में जुटे हुए हैं। कोचवाय, कसेरू, कोसमी, परसूली, बरबाहरा और मैनपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि की धूम मची हुई है। मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु माता के दर्शन कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

ग्राम परसूली में भी नवरात्र पर्व पर मां दुर्गा की स्थापना की गई है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ललित सिंह ठाकुर ने बताया कि गांव में लंबे समय से प्रत्येक वर्ष नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की स्थापना की परंपरा चली आ रही है। इस दौरान ग्रामीण मिलकर पूजा-अर्चना करते हैं। माता के दर्शन के लिए गांव के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। नवरात्र का यह पर्व ग्रामीणों को आस्था और भक्ति के सूत्र में जोड़ता है। ग्राम मैनपुर में भी नवरात्र को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। गांव के शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष ग्रामवासियों के सहयोग से मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की जाती है। गांव के वरिष्ठ नागरिक घनश्याम देवांगन ने बताया कि लंबे समय से यह परंपरा चली आ रही है। ग्रामवासी मिलकर माता की पूजा-अर्चना करते हैं और क्षेत्र के सभी लोगों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं।

आस्था और परंपरा का संगम- नवरात्र के दौरान ग्रामीण अंचलों में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता भी देखने को मिल रही है। पूजा-पंडालों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मां दुर्गा के जयकारों के बीच ग्रामीण पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पर्व मना रहे हैं। गांवों में वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपराएं नई पीढ़ी को भी संस्कृति और आस्था से जोड़ रही हैं।



देवी दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

मां डूमेश्वरी धाम में 35 ज्योति कलश स्थापित

मुड़ागांव (कोरासी)। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बम्हनी स्थित मां डूमेश्वरी धाम एवं डूमरखोल की पावन तपोभूमि में शारदीय नवरात्र के अवसर पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। यहां जय मां डूमेश्वरी जन कल्याण सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 35 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। यह पावन धाम परम श्रद्धेय उमेशानंद गिरी प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ मंडल महंत की तपोभूमि के रूप में भी जाना जाता है। नवरात्र पर्व के दौरान माता रानी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में धाम पहुंच रहे हैं। माता रानी के प्रति अटूट आस्था लेकर पहुंचे भक्तजन ज्योति कलश के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के चलते पूरे धाम में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।



मैनपुर क्षेत्र में नवरात्रि में गूंज रहे माता सेवा के गीत

















मैनपुर। नगर सहित पूरे ग्रामीण अंचल में शारदीय नवरात्र का पर्व अत्यंत ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है पूरा क्षेत्र इस समय माँ दुर्गा की भक्ति के रंग में सराबोर नजर आ रहा है। नगर में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधिविधान से पंडित नंदकिशोर चौबे द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है। सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ दुर्गा पंडाल में दर्शन और पूजा करने पहुंच रही है। रात में माता सेवा सुमधुर जसगीत के साथ ही अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दुर्गा पंडाल मे सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। वहीं नगर के वन विभाग स्थित दुर्गा मंदिर मे पंडित योगेश शर्मा द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है। नगर से 3 किमी दूर मैनपुरकला, ग्राम धवलपुर, फरसरा, अमलीपदर, इंदागांव, गोहरापदर के अलावा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम माठीगढ़ मे माता सेवा किया जा रहा है। कई स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर और ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में आकर्षक दुर्गा पंडाल सजाए गए हैं। सुबह से ही मंदिरों में माताराणी के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। शाम को माताराणी के भक्ति से भरपूर जसगीतों से पूरा आदिवासी अंचल गूंज उठा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पूरी रात जागकर माँ जगदम्बे की आराधना कर रहे हैं, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक और ऊर्जावान माहौल बना हुआ है।

विधायक इंद्रकुमार ने मां काली, मां मौली माता और शीतला मंदिर में टेका माथा



नवापारा-राजिम। नवरात्र पर श्रद्धा और भक्ति के माहौल में विधायक इंद्रकुमार साहू ने मां काली मंदिर,मां मौली माता और मां शीतला माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया तथा समूचे अभनपुर विधानसभा क्षेत्र, नवापारा शहर और विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष धनमती साहू, पार्षद अजय साहू, लोमेश्वरी साहू ,एल्डरमैन गुलाब राव, कन्हैया साहू ,मुकेश निषाद, राजेश यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। खास बात यह है कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। इसी धार्मिक उल्लासमय वातावरण के बीच विधायक इंद्रकुमार साहू दर्शन करने पहुंचे। मंदिर पहुंचकर उन्होंने माता के समक्ष शीश नवाया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता रानी से प्रार्थना की कि क्षेत्र के प्रत्येक परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे तथा लोगों के जीवन में खुशहाली आए। विधायक श्री साहू ने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। मां दुर्गा की आराधना हमें सकारात्मक ऊर्जा, साहस और जनकल्याण की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। विधायक श्री साहू ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में निरंतर प्रगति, सामाजिक सदभाव और जनजीवन में खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने प्रार्थना किया कि किसानों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं और प्रत्येक वर्ग के लोगों के जीवन में समृद्धि आए तथा क्षेत्र विकास और आपसी सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़े। पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि काली माता मंदिर से शीतला माता मंदिर एवं गायत्री माता मंदिर तक 9 लाख रुपए की लागत से नया ट्यूबलेर पोल का लोकार्पण भी किया।

मां दुर्गा की भक्ति में डूबा राजिम-नवापारा अंचल, गांव-गांव गूंज रहे हैं जयकारे...

चौक-चौराहों पर सजे भव्य पंडाल, शाम की आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु;

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शारदीय नवरात्र पर्व के साथ ही राजिम, नवापारा सहित समूचा अंचल मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर हो गया है। शहरों से लेकर गांवों तक आस्था का ऐसा रंग चढ़ा है कि हर गली, हर चौक और हर चौराहे पर माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं। कहीं भव्य पंडालों में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं विराजमान हैं, तो कहीं रंग-बिरंगी विद्युत झालरों और मनमोहक सजावट से पूरा गांव जगमगा उठा है। सुबह से देर रात तक पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आ रहा है। नवरात्र की तैयारियों को लेकर पिछले कई दिनों से दुर्गा उत्सव समितियां दिन-रात जुटी हुई थीं। पंडाल निर्माण, विद्युत सजावट, प्रतिमाओं की स्थापना और पूजा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के बाद अब उत्सव पूरे शबाब पर है। शाम होते ही पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगती है। मां दुर्गा की आरती में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी श्रद्धा के साथ शामिल हो रहे हैं। आरती के दौरान गूंजते जयकारे और घंटियों की आवाज माहौल में नई ऊर्जा भर देती है। गांवों में नवरात्र केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता और सामाजिक एकजुटता का भी प्रतीक बन गया है। राजिम में तैयार की गई मां दुर्गा की प्रतिमाओं की मांग आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों में भी बनी हुई है। प्रतिमा लेने के लिए लोग मेटाडोर, ट्रैक्टर और अपने अन्य वाहनों से पहुंच थे। प्रतिमाओं को श्रद्धा और उत्साह के साथ पंडालों तक ले जाया गया। गांवों में स्थापित आकर्षक प्रतिमाएं उत्सव की भव्यता को और बढ़ा रही हैं। राजिम और नवापारा सहित आसपास के गांवों में लाउडस्पीकरों पर एक से बढ़कर एक देवी गीत और भक्ति भजन सुनाई दे रहे हैं। दिनभर की व्यस्तता के बाद शाम को लोग परिवार सहित पंडालों में पहुंचकर माता का दर्शन कर रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में नवरात्र को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है।

- नौ दिनों तक नशामुक्त माहौल बनाए रखने की पहल





नशे से दूरी, धार्मिक अनुशासन पर जोर- इस बार अंचल के कई गांवों में नवरात्र के नौ दिनों तक मदिरापान और अन्य नशे से दूर रहने की अपील की जा रही है। कुछ गांवों में इसके लिए मुनादी भी कराई गई है, ताकि पर्व के दौरान शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण बना रहे। ग्रामीणों की इस पहल का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सदभाव सौहार्द्र को भी मजबूत करना है। कुल मिलाकर, मां दुर्गा की आराधना ने राजिम-नवापारा अंचल को नई ऊर्जा और उल्लास से भर दिया है। सजे हुए पंडाल, जगमगाती रोशनी, सामूहिक आरती और देवी भजनों की गूंज के बीच हर ओर श्रद्धा का माहौल है। नवरात्र के इन नौ दिनों में आस्था के साथ एकता, अनुशासन और सामाजिक समरसता का संदेश भी गांव-गांव तक पहुंच रहा है।

दीप्ति मिश्रा को मिली पीएचडी की उपाधि

नवापारा-राजिम। राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरूस्कृत शिक्षिका नगर की प्रतिभाशाली एवं सुमीत गंडेचा की धर्मपत्नी दीप्ति मिश्रा गंडेचा को पीएचडी की उपाधि मिली है। वे कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर से हिंदी में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। अपने



सामाजिक कार्यों के लिए पूरे शहर एवं इलाके में ख्याति पाई दीप्ति नारी उत्थान से संबंधित विषय मन्नू भंडारी के उपन्यासों में स्त्री अस्मिता विषय पर अपना पीएचडी डॉ ममता रानी के शोध निर्देशन में पूर्ण किया। उनकी इस उपलब्धि पर मां केशरलता-प्रफुल्ल मिश्रा, चंदा-ललित गंडेचा, श्वेता-गिरीश दीवान, रचना-हिमांशु दुबे, प्रेरणा-अभिषेक तिवारी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, दीपेश गंडेचा, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, रूपाली - हिमांशु दुबे, मोना नागवानी, रुक्मणी, दीपिका राजपूत,शिवानी ठाकुर, सौम्या लालवानी, मनप्रीत कौर, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा एवं हेल्पिंग यंग ऊमेंस ग्रुप की मातृशक्तियो ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि दीप्ती वर्तमान में शिक्षक के पद पर राजिम से लगे गांव कोमा के पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ हैं। वे 2025 में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य के सर्वोच्च शिक्षक सम्मान राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं।

धसकुंड महोत्सव में 19 वर्षीय नीतू धीवर की पंडवानी प्रस्तुति ने मोहा

नीतू धीवर की पहली पंडवानी प्रस्तुति ने धसकुंड महोत्सव में बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

लोककला और लोकसंस्कृति की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने में आज की युवा पीढ़ी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में ग्राम फुलझर की उभरती पंडवानी गायिका नीतू धीवर ने धसकुंड महोत्सव में सोमवार को अपनी पहली सार्वजनिक पंडवानी प्रस्तुति देकर लोककला के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। महज 19 वर्ष की उम्र में नीतू ने अपनी बुलंद आवाज, प्रभावशाली अभिनय और तंबूरे की थाप के साथ दर्शकों के सामने पंडवानी की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया।

- अनुरागधारा पंडवानी दल फुलझर की पहली सार्वजनिक प्रस्तुति

नीतू धीवर ने मंच पर खड़े होकर और घूम-घूमकर पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ गायन और अभिनय प्रस्तुत किया। लोक महाकाव्य महाभारत के भीष्म पर्व से जुड़े गीता उपदेश के प्रसंग को उन्होंने अपनी गायकी और भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



अनुभवी कलाकारों के मार्गदर्शन में निखर रही प्रतिभा- नीतू धीवर ने बताया कि पंडवानी केवल गायन की विधा नहीं, बल्कि महाभारत की कथा को संगीत, संवाद, अभिनय और भावाभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली विशिष्ट लोकगाथा है। इसके मंचन और विभिन्न शैलियों से जुड़ी बारीकियों को समझना आवश्यक है। वह पंडवानी विधा की अच्छी समझ रखने वाले ग्राम फुलझर के अनुभवी कलाकार एवं बेहतरीन तबला वादक यश कुमार साहू के मार्गदर्शन में इस कला को सीखते हुए आगे बढ़ रही हैं।

अनुरागधारा पंडवानी दल में शामिल हैं स्थानीय कलाकार- ग्राम फुलझर के इस अनुरागधारा पंडवानी दल में मुख्य गायिका नीतू धीवर के साथ सहगायिका हेमा बाई साहू, हुंकार भरने वाले सहगायक एवं रागी यश साहू रूप दास, हारमोनियम वादक रूप दास मानिकपुरी, बैंजो वादक जितेन्द्र साहू, तबला वादक यश कुमार साहू, नाल वादक अशोक पटेल और झूमका वादक दशरथ धीवर शामिल हैं। स्थानीय कलाकारों की यह टोली सामूहिक प्रयास से पंडवानी की परंपरा को मंच पर प्रस्तुत कर रही है।

रूपसिंग साहू ने तंबूरा भेंटकर किया सम्मानित- धसकुंड महोत्सव में नीतू धीवर की पहली सार्वजनिक प्रस्तुति के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू ने उन्हें नवीन तंबूरा भेंटकर सम्मानित किया। नीतू की प्रस्तुति ने यह उम्मीद जगाई कि उचित मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और सामाजिक प्रोत्साहन से ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं पंडवानी जैसी पारंपरिक लोकविधाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती हैं।

विमलचंद डागा बने अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला ने छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता आंदोलन को मजबूत बनाने में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे विमलचंद डागा को संगठन का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। इसे विमलचंद डागा के 25 वर्षों के समर्पण, अनुभव और उपभोक्ता हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान माना जा रहा है।



संगठन का लक्ष्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना, उनके हितों की रक्षा के लिए आवाज उठाना और देशभर में उपभोक्ता आंदोलन को अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाना है। डागा विगत 25 वर्षों से संगठन के माध्यम से उपभोक्ता हितों के लिए अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। उन्होंने अपने संगठनात्मक सफर में अभनपुर ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर रायपुर जिला महामंत्री, छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री और छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर डागा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया।

डागा को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर बिलासपुर, बेमेतरा, रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद, आरंग, बालोद, सिमगा एवं नवापारा सहित विभिन्न क्षेत्रों से राजेन्द्र भाण्डगे, आशीष जैन, अनुज राजपूत, सुरेन्द्र साहू, अर्जुन साहू, फागुराम देवांगन, संदीप गुप्ता, रवि अग्रवाल, मोहम्मद मुस्तफा रिजवी, संदीप जैन, राजेन्द्र खुराना, रश्मीत खुराना, लक्ष्मी कुमार दम्मानी, मोहम्मद महबूब, हेमंत लुंकड़, पूनम लुंकड़, अरिहंत डागा, यशवंत बोथरा, अमरजीत सिंह एवं भागवत साहू सहित संगठन के अनेक पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राजकीय सम्मान के साथ शहीद जवान बंशीलाल यादव को दी गई अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका

अंचल के ग्राम सरकड़ा निवासी सीआरपीएफ जवान बंशीलाल यादव को आज राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी गई। श्री यादव सन- 2004 से ड्यूटी में तैनात होकर अपनी सेवा शुरू की। 22 साल में 9 से ज्यादा मिशन में शामिल रहे। ग्राम सरकड़ा के जवान बंशी लाल यादव बटालियन 111 दंतेवाड़ा में सेवा दे रहे थे।

दंतेवाड़ा में मोर्चे में संतरी की ड्यूटी कर रहे थे। उसी दरमियान सीने में अचानक दर्द उठा और गिर पड़ा जिसे तत्काल पास के हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पार्थिव शरीर को लेकर बटालियन में पहुंचे। उनके कुछ साथी जवान और कमांडेंट की टीम से मिली जानकारी ने अनुसार बंशीलाल की हृदयघात से सांसे रुक गई, वे बात क करते करते गिर पड़े थे। उन्होंने हार्ट अटैक 11 अक्टूबर को सुबह साढ़े चार बजे के आसपास आया था। पोस्टमार्टम के बाद उसके निज निवास में रात 11 बजे लाया गया। गरियाबंद पाण्डुका पुलिस एवं डिप्टी कमांडेट, सीआरपीएफ जवानों ने एवं ग्रामवासियों उनकी शव यात्रा में शामिल हुए। शवयात्रा पूरे गांव में जयकारे के साथ निकली। पुष्प गुच्छ, माला के साथ जगह जगह फूल चढ़ाकर बंशीलाल अमर रहे का नारा गूंजा। इस दौरान दंतेवाड़ा के कार्ली पुलिस लाइन के 15 से ज्यादा अफसर भी मौजूद रहे। हवाई फायरिंग कर अपने साथी जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेट सीआरएफ डीएसपी अजय सिंह,महेंद्र सिंह एसआई रश्मि रंजन डेहरा, एस आय आलोक कुमार, राजिम विधायक रोहित साहू,जिलापंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद सदस्य दुलारी साहू, पांडुका थाना मेजर मनीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में शोकाकुल परिवार व ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों सहित सभी ने गांव के शहीद जवान बंशी लाल यादव को नम आंखों से विदाई दी।

सीआरपीएफ में बंशीलाल ने 22 साल तक दी सेवा







खबर संक्षेप

खोरपा में सुपर ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट, सिहाद 11 ने जीता खिताब



अभनपुर। ग्राम खोरपा में एचबीके लीजेंड्स के तत्वावधान दो दिवसीय में सुपर ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट का संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में ग्रामीण स्तर की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सिहाद 11 और संकरी 11 के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में सिहाद 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संकरी 11 को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में गोविंद देवांगन एवं दुष्यंत कुमार पटेल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट की अध्यक्षता अश्वनी ध्रुवंशी ने की। आयोजन को सफल बनाने में लखन साहू, राजा साहू, भोला धीवर, रंजीत साहू, मनीष साहू, राकेश साहू, गोविंदा साहू एवं जितेश साहू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

नयापाराकला में दुर्गा मूर्तियों की हुई स्थापना

अरंड (पिथौरा)। ग्राम नयापाराकला में मां दुर्गा के मूर्तियां स्थापित की गई है। आदर्श दुर्गा उत्सव समिति नयापारा कला, ग्राम के सरपंच शशि दीवान, उपसरपंच अग्नीबाई ध्रुव, गंगाराम दीवान, देवी सिंह ध्रुव, फगुनू बरिहा, ज्योति कलश अध्यक्ष विभीषण बरिहा, शालित राम बरिहा, कुशाल सिंह ध्रुव, सचिन हरिशंकर बरिहा, चोवालाल ध्रुव, कोषाध्यक्ष देव कुमार दीवान, चंद्रहास बरिहा, सुरेश दीवान, तोषण ध्रुव, नरेंद्र जिंदल, सोनू राम दीवान, मनीष मिश्रा, सोन सिंह दीवान, भागीरथी दीवान, राजकुमार पटेल, लालाराम पटेल, दलसिंह बरिहा, नंदकुमार यादव, तेजराम बंजारा, घनश्याम पटेल, लक्ष्मण बरिहा, आसाराम ध्रुव, फगुनुरम बरिहा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

आयोजन : मुख्यमंत्री निवास में सम्मान समारोह एवं सहभोज

जल जन सेवा संकल्प यात्रा कर लौटे तीर्थ यात्रियों की सीएम साय ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 7 अक्टूबर तक चली जल जन सेवा संकल्प यात्रा पूरी करने के बाद छत्तीसगढ़ लौटे सेवा तीर्थ यात्रियों का मुख्यमंत्री निवास में सम्मान समारोह एवं सहभोज आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने यात्रियों के सेवाभाव, समर्पण और राष्ट्रहित के संकल्प की सराहना की। वाराणसी की पावन धरती से गुजरात के वडनगर तक निकली यह 21 दिवसीय यात्रा धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना के साथ जनसेवा का संदेश लेकर आगे बढ़ी।

- 4 राज्यों के 72 जिलों और 700 से अधिक गांवों तक पहुंचा सेवा का संदेश

यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करते हुए यात्रियों ने 72 जिले, 130 तहसील और 700 से अधिक गांवों तक पहुंचकर जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रसेवा का संदेश प्रसारित किया। छत्तीसगढ़ आगमन पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर, प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडेय, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा, जगदीश रामु रोहरा, धमतरी महापौर अमन प्रताप, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पाण्डेय एवं प्रदेश मंत्री सन्नी केसरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी सेवा तीर्थ यात्रियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।



ये रहे जल जन सेवा संकल्प यात्रा के सेवा तीर्थ यात्री

यात्रा में छत्तीसगढ़ के यात्रा प्रभारी दीपक साहू सहित ओंकार साहू, रवि, रंजन यादव, दिनेश वैष्णव, टुकेश्वर, देवनारायण, वेदव्यास राम साहू, सुरेश, सुरेंद्र, उमेश, खिलावन, घनश्याम, तुषार, शिखर, नवीन कुमार, सृजन सिंह, प्रियांशु, सूर्यकांत, जितेंद्र यादव, अभिषेक राजपूत, करण पाटिल, राजेंद्र राजा, गजेंद्र ठाकुर, उमाशंकर बघेल, योगेश वर्मा, अभिषेक मिश्रा, सनातन यादव, रोहन साय, विवेक यादव, अमन कुमार, ज्ञानेंद्र कश्यप, राजाराम, रितेश, भावेश, सुधांशु, उज्ज्वल, महेंद्र, विराट मित्र, शुभंकर, सचिन सरकार, कुलदीप, गजानन, श्रीराम, देव मिश्रा एवं राकेश राजवाड़े सहित अन्य सेवा तीर्थ यात्री शामिल रहे।

21 दिनों तक चार राज्यों में सेवा का संकल्प- वाराणसी से वडनगर तक की इस यात्रा में शामिल भाजयुमो के जिलाध्यक्ष-छत्तीसगढ़ के प्रभारी दीपक साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का संदेश दिया। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर सेवा तीर्थ यात्रियों ने जनसेवा, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में सहभागिता की। यात्रा का उद्देश्य युवाओं को समाज के प्रति उनके दायित्वों से जोड़ना तथा जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और जनकल्याण के कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। यात्रा ने युवाओं को अनुशासन, सामुहिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की भावना से जोड़ने का काम किया।

जन्मदिन पर अस्पताल में बांटे फल, मंदिरों में की पूजा-अर्चना



छुईहा बेलर। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू ने अपने जन्मदिन को सेवा, आस्था और सामाजिक सहभागिता के साथ मनाया। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर उन्होंने अपने मित्रों, समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के विभिन्न देवी-देवालयों में पहुंचकर माता के दर्शन-पूजन किए तथा धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई। इस दौरान उन्होंने विश्राम गृह फिंगेश्वर में भाजपा कार्यकर्ता, आमजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना वही सभी शाल श्रीफल गुलदस्ता भेज कर स्वागत सम्मान किया और राजिम भक्तिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहूचकर पिड़ित मरीजों के बीच पहूंचकर उनके दूख का हिस्सा बने और फल वितरण किया गया। साथ ही मौली माता मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। बधाई देने वालों में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व मंत्री अरेन्द्र पहाड़िया, राजू साहू, मनीष हरित विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा पुर्व सरपंच रामाधार साहू, सरपंच मोतीराम निषाद, टिकेश साहू, ओमप्रकाश साहू, गंगादीन साहू, नानक राम, मदन साहू, भारत साहू, जीवन साहू, बिसहत राम साहू, देवनारायण साहू, भानुप्रताप साहू, रुपेश साहू, रमाकांत साहू ,मोनु साहू,, प्रकाश साहू, दूर्गा साहू, युगल सिन्हा,सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मित्रगण, डोमार बघेल,भारत साहू, समर्थक एवं कार्यकर्तागण बधाई देते उनके सेवा कार्य की सराहना की।

नवापारा रेलवे क्रॉसिंग का बेढंगा स्पीड ब्रेकर बना हादसों का कारण, जिम्मेदार विभाग मौन

रोज दोपहिया वाहन चालक हो रहे चोटिल, महिलाओं और युवतियों के लिए संभलना मुश्किल; नागरिकों ने तत्काल समतलीकरण की उठाई मांग





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नेशनल हाइवे 130 रायपुर-देवभोग मार्ग पर नवापारा नगर के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग राहगीरों के लिए हादसों का पॉइंट बन गई है। पटरी के दोनों ओर बने ऊंचे और बेढंगे स्पीड ब्रेकर के कारण रोजाना 20 से 30 दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं।

रायपुर, देवभोग और ओडिशा को जोड़ने वाले इस व्यस्त मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। लोग वाहनों से व्यापार, नौकरी और पढ़ाई के सिलसिले में गुजरते हैं। चारपहिया वाहन झटके से निकल जाते हैं, लेकिन अचानक बने इस उभार से दोपहिया सवारों का संतुलन बिगड़ जाता है। खासकर महिलाओं और युवतियों के लिए गाड़ी संभालना नामुमकिन सा हो जाता है। नागरिकों का सवाल है कि जब ट्रेन आने पर बैरियर नीचे कर दिया जाता है, तो क्रॉसिंग पर इतने ऊंचे ब्रेकर बनाने का क्या औचित्य है? यदि गति नियंत्रण आवश्यक भी है, तो मानकों के अनुरूप समतल ब्रेकर क्यों नहीं बनाए गए?

उखड़ा डामर और बिखरी गिट्टियां बढ़ा रहीं खतरा

क्रॉसिंग के पास सड़क की बदहाली केवल ब्रेकर तक सीमित नहीं है। पटरी के आसपास का डामर उखड़ चुका है और गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं। दिन में तो चालक किसी तरह गुजर जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में भारी वाहनों की तेज रोशनी और असमतल सड़क के कारण दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

हादसे का इंतजार क्यों कर रहे जिम्मेदार?

स्थानीय लोगों में रेलवे विभाग और लोक निर्माण विभाग की अनदेखी को लेकर भारी नाराजगी है। नागरिकों ने मांग की है कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से स्थल का तकनीकी निरीक्षण करें। अमानक स्पीड ब्रेकरों को तत्काल हटाया जाए या उन्हें मानक के अनुसार बनाया जाए। साथ ही बदहाल सड़क की तुरंत मरम्मत की जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले राहगीरों को राहत मिल सके।

दो साल से अधूरा आगनबाड़ी भवन निजी घर में चल रहा बच्चों का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

सरकारी निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा कराने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन निर्देशों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेम्हरा में 11 लाख 69 हजार रुपये की लागत से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन पिछले दो साल से अधूरा पड़ा है। गांव के छोटे-छोटे बच्चों को आज तक अपना आंगनबाड़ी भवन नसीब नहीं हो सका है और केंद्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के निजी निवास पर संचालित हो रहा है। भवन के सामने लगाया गया निर्माण संबंधी सूचना बोर्ड भी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। बोर्ड पर लिखे अक्षर तक पूरी तरह मिट चुके हैं, लेकिन भवन का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत सेम्हरा में शुरुआत में तेज में 11 लाख 69 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव के माध्यम से कराया जा रहा था। शुरुआत में निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ा, जिससे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जल्द ही बच्चों को अपना भवन मिल जाएगा। लेकिन निर्माण कार्य आधे तक पहुंचने के बाद काम अचानक रुक गया। इसके बाद महीनों गुजरते गए और देखते ही देखते दो साल बीत गए, लेकिन भवन आज भी अधूरा पड़ा है।

- ग्राम पंचायत सेम्हरा में 11 लाख से अधिक की लागत से बनाया जा रहा

नौनिहालों के हिस्से में परेशानी, निजी घर बना आंगनबाड़ी केंद्र- आंगनबाड़ी केंद्र छोटे बच्चों को पोषण, देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। लेकिन सेम्हरा में भवन अधूरा होने के कारण बच्चों को आज भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के निजी निवास पर संचालित केंद्र में जाना पड़ रहा है। दो साल से निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण बच्चों और उनके अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर गांव के नौनिहालों को अपना भवन मिलने के लिए और कितना इंतजार करना पड़ेगा?

शिकायतें हुईं, निरीक्षण हुआ, फिर भी निर्माण कार्य ठप- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के अनुसार, भवन का निर्माण अधूरा होने की जानकारी कई बार उच्च अधिकारियों को दी गई, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। वहीं, परियोजना अधिकारी छुरा चंदू साहू ने बताया कि करीब दो माह पहले उन्होंने अधूरे आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया था और सरपंच-सचिव से चर्चा की थी। परियोजना अधिकारी के मुताबिक, चर्चा के दौरान सरपंच और सचिव ने निर्माण कार्य अधूरा रहने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। दोनों ने अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए दो से तीन माह का समय मांगा था। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हो सका है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सड़क किनारे शोल्डर की जगह डामर सड़क पर फैलाया मुरूम, दुर्घटना का बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

बरसात के बाद सड़कों के किनारे हुए गड्ढों को भरने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा छुरा नगर से गरियाबंद एवं कोमा-खान मार्ग पर मुरूम डालने का कार्य कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य सड़क किनारे हुए गड्ढों को भरकर आवागमन को सुगम बनाना और बड़े वाहनों के आने पर अन्य वाहनों को सुरक्षित तरीके से किनारे होने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध कराना है। लेकिन कार्य के दौरान लापरवाही के चलते सड़क किनारे सोल्डर पर डाला जाने वाला मुरूम डामर सड़क पर फैल गया है। इससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है।

- छुरा-गरियाबंद और कोमा-खान मार्ग पर वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी



सड़क पर फैला मुरूम बन रहा परेशानी का कारण- सड़क किनारे गड्ढों को भरने के लिए डाला जा रहा मुरूम निर्धारित स्थान पर डालने के बजाय सड़क के बड़े हिस्से में फैल गया है। इससे डामर सड़क पर मुरूम की परत बिछ गई है, जो विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए जोखिम भरी साबित हो सकती है। मुरूम पर वाहन के पहिए फिसलने से चालक का संतुलन बिगड़ सकता है और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

सुविधा के बजाय बढ़ रही परेशानी- बरसात के दौरान सड़क किनारे गड्ढे हो जाने से बड़े वाहनों के सामने आने पर छोटे वाहनों को किनारे होने में परेशानी होती है। इसी समस्या को दूर करने के लिए शासन के निर्देशानुसार सड़क के किनारे मुरूम डालकर सोल्डर को दुरुस्त किया जा रहा है। लेकिन कार्य में सावधानी नहीं बरतने के कारण सड़क पर ही मुरूम फैल गया है।

शिकायत मिलने पर सुधार का आश्वासन- इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर के.पी. सकारिया ने कहा कि सड़क पर मुरूम फैलने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा, मैं दिखवाता हूं, ऑपरेटर को बोलकर इसमें सुधार कराया जाएगा। अब देखना होगा कि विभाग सड़क पर फैले मुरूम को हटवाकर सड़क किनारे सोल्डर को व्यवस्थित करता है या नहीं। समय रहते सुधार नहीं होने पर यह स्थिति वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकती है।



